इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 48] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 2 दिसम्बर 2022—अग्रहायण 11, शक 1944

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 26 अक्टूबर 2022

क्र. ई-5-686-आयएएस-लीव-5-एक.—(1)—श्री फैज अहमद किदवई, आयएएस., (1996), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग (अ.प्र.) को दिनांक 14 से 25 नवम्बर 2022 तक, बारह दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13 नवम्बर तथा 26, 27 नवम्बर 2022 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री फैज अहमद किदवई को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग (अ.प्र.) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री फैज अहमद किदवई को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री फैज अहमद किदवई अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2022.

भोपाल, दिनांक 31 अक्टूबर 2022

क्र. ई-5-859-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री भरत यादव, भाप्रसे., विकअ-सह-आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश, भोपाल तथा आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) को दिनांक 26 दिसम्बर 2022 से 6 जनवरी 2023 तक, बारह दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 24, 25 दिसम्बर 2022 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री भरत यादव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विकअ-सह-आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश, भोपाल तथा आयुक्त, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री भरत यादव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री भरत यादव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 1 नवम्बर 2022

क्र. ई-1-203-2022-5-एक.—श्री कर्मवीर शर्मा, भाप्रसे (2010), अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश, भोपाल तथा प्रबंध संचालक, ऊर्जा विकास निगम, भोपाल एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग (अतिरिक्त प्रभार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश, भोपाल का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 2 नवम्बर 2022

क्र. ई-1-194-2022-5-एक.—श्री दिलीप कुमार कापसे, भाप्रसे (2014), उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से राज्य शिष्टाचार अधिकारी एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग पदस्थ किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री दिलीप कुमार कापसे द्वारा राज्य शिष्टाचार अधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन भाप्रसे (वेतन) नियमावली, 2016 के नियमों के अन्तर्गत राज्य शिष्टाचार अधिकारी के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में ऊपर दर्शित नियमों में सम्मिलित उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इकबाल सिंह बैंस, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 21 नवम्बर 2022

क्र. बी-1-27-2022-2-एक.—सुश्री प्रिया वर्मा, रा.प्र.से. (आर.आर.-2018), डिप्टी कलेक्टर, जिला देवास द्वारा दिनांक 23 अप्रैल 2022 को आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया कि विभागीय अभिलेखों में उनका नाम सुश्री प्रिया वर्मा पिता श्री महेश वर्मा स्थायी पता आशीष जनरल स्टोर्स, ए.बी. रोड मांगलिया, इन्दौर एवं गृह जिला इन्दौर अंकित है.

(2) आवेदन अनुसार उनका विवाह श्री आशीष पटेल, निवासी—ग्राम सडक पिपल्या, तहसील टोंकखुर्द, जिला देवास के साथ दिनांक 21 नवम्बर 2021 को सम्पन्न होने से विवाहोपरांत अभिलेखों में अब उनका नाम सुश्री प्रिया वर्मा के स्थान पर श्रीमती प्रिया आशीष पटेल पति श्री आशीष पटेल एवं गृह जिला इन्दौर के स्थान पर देवास अंकित करने का अनुरोध किया है.

(3) सुश्री प्रिया वर्मा, रा.प्र.से. द्वारा उपलब्ध कराये गये आवेदन/अभिलेखों के समग्र रूप से परीक्षणोपरांत राज्य शासन, एतद्द्वारा, सुश्री प्रिया वर्मा पिता श्री महेश वर्मा, स्थायी पता आशीष जनरल स्टोर्स, ए.बी. रोड मांगलिया, इन्दौर एवं गृह जिला इन्दौर के स्थान पर उनका नाम "श्रीमती प्रिया आशीष पटेल पति श्री आशीष पटेल एवं गृह जिला इन्दौर के स्थान पर देवास" परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान करता है. उपरोक्तानुसार उपनाम एवं गृह जिला परिवर्तन करने की प्रविष्टि इनके सेवा अभिलेखों में करना सुनिश्चित करें.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. सेन्द्रे, अवर सचिव, 'कार्मिक'.

भोपाल, दिनांक 4 नवम्बर 2022

क्र. एफ-5-12-2022-एक (1).—माननीय न्यायाधिपति, श्री प्रणय वर्मा, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इन्दौर का ओ.एस.डी.-कम-पी.पी.एस., उच्च न्यायालय, जबलपुर से प्राप्त प्रस्ताव क्रमांक ए-3643(दो-1-11/2022), दिनांक 19 सितम्बर 2022 के अनुक्रम में, दिनांक 1 से 5 अगस्त 2022 तक, पाँच दिन का पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित कम्युटेड अवकाश स्वीकृति एवं साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 31 जुलाई 2022 के तथा अवकाश के पश्चात् में दिनांक 6 एवं 7 अगस्त 2022 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति, उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1954 की धारा 13 के अन्तर्गत प्रदान की जाती है.

क्र. एफ-5-12-2022-एक (1).—माननीय न्यायाधिपति, श्री प्रणय वर्मा, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, खण्डपीठ, इन्दौर का ओ.एस.डी.-कम-पी.पी.एस., उच्च न्यायालय, जबलपुर से प्राप्त प्रस्ताव क्रमांक ए-3643(दो-1-11/2022), दिनांक 19 सितम्बर 2022 के अनुक्रम में, दिनांक 16 से 18 अगस्त 2022 तक, तीन दिन का पूर्ण वेतन

तथा भत्तों सहित कम्युटेड अवकाश की स्वीकृति एवं साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 14 एवं 15 अगस्त 2022 के तथा अवकाश के पश्चात् में दिनांक 19 एवं 21 अगस्त 2022 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति, उच्च न्यायालय न्यायाधीश (वेतन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1954 की धारा 13 के अन्तर्गत प्रदान की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रंजना पाटने, उपसचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 11 नवम्बर 2022

क्र. एफ 1(ए) 185-91-ब-2-दो.—राज्य शासन, श्री गोविन्द प्रताप सिंह, भापुसे-89, अति. पुलिस महानिदेशक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, भोपाल को अवकाश यात्रा सुविधा अंतर्गत खण्ड वर्ष-2018-21 के द्वितीय विस्तार वर्ष (पूर्व खण्ड वर्ष) आगामी खण्ड वर्ष 2022-25 में केरीफार्वड करते हुए को दिनांक 16 से 18 नवम्बर 2022 तक, कुल तीन दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 15 व 19-20 नवम्बर 2022 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ उक्त अवधि में भारत भ्रमण अन्तर्गत गुलमर्ग (कश्मीर) जाने हेतु परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ अनुमति एवं दस दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति प्रदान करता है:—

1.	श्री गोविन्द प्रताप सिंह	-	स्वयं
2.	श्रीमती निधि सिंह	-	पत्नी

(2) श्री गोविन्द प्रताप सिंह, भापुसे, की अवकाश अवधि में कार्य प्रभार श्रीमती सुषमा सिंह, भापुसे, अमनि. (सतर्कता), पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री गोविन्द प्रताप सिंह, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, अ.अ.वि., पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री गोविन्द प्रताप सिंह, भापुसे, के कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री गोविन्द प्रताप सिंह, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री गोविन्द प्रताप सिंह, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 16 नवम्बर 2022

क्र. एफ 1(ए) 37-2020-ब-2-दो.—राज्य शासन, श्री विकास पाठक, भापुसे-12, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, (नारकोटिस), पुलिस मुख्यालय, भोपाल को अवकाश यात्रा सुविधा अंतर्गत खण्ड वर्ष-2018-21 के द्वितीय विस्तार वर्ष (पूर्व खण्ड वर्ष आगामी खण्ड वर्ष 2022-25 में केरीफार्वड करते हुए दिनांक 21 से 30 नवम्बर 2022 तक, कुल दस दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 19-20 नवम्बर 2022 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ उक्त अवधि में भारत भ्रमण अन्तर्गत अण्डमान-निकोबार जाने हेतु परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ अनुमति एवं दस दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति प्रदान करता है:—

1.	श्री विकास पाठक	-	स्वयं
2.	श्रीमती नवनीता पाठक	-	पत्नी
3.	श्री अक्षय पाठक	-	पुत्र
4.	श्री कमलनयन पाठक	-	पुत्र

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विकास पाठक, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सहायक पुलिस महानिरीक्षक (नारकोटिस), पुलिस मुख्यालय भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री विकास पाठक, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विकास पाठक, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 176-1997-ब-2-दो.—राज्य शासन, श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, रीवा जोन रीवा को दिनांक 3 से 17 नवम्बर 2022 तक, पन्द्रह दिवस अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान करता है.

(2) श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका कार्य प्रभार श्री मिथिलेश कुमार शुक्ला, भाप्रसे, पुलिस उपमहानिरीक्षक, रीवा रेन्ज रीवा द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जावेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, रीवा जोन रीवा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 187-1991-187-ब-2-दो.—राज्य शासन, श्री राजेश चावला, भापुसे-89, अति. पुलिस महानिदेशक, चम्बल जोन, मुरैना को खण्डवर्ष 2022-25 में दिनांक 5 से 9 दिसम्बर 2022 तक, कुल पांच दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 03-04 व 11 दिसम्बर 2022 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ उक्त अवधि में भारत भ्रमण अन्तर्गत हेवलॉक (स्वराज द्वीप) अण्डमान-निकोबार जाने हेतु परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ अनुमति एवं 10 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति प्रदान करता है:—

1.	श्री राजेश चावला	-	स्वयं
2.	श्रीमती सुनीता चावला	-	पत्नी

(2) श्री श्री राजेश चावला, भापुसे, की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री डी. श्रीनिवास वर्मा, भापुसे, अमनि. ग्वालियर जोन, ग्वालियर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश चावला, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, चम्बल जोन, मुरैना के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री राजेश चावला, भापुसे, के कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री राजेश चावला, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश चावला भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्नू भलावी, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2022

फा. क्र. 3856-इक्कीस-ब(दो) 2022.—राज्य शासन, एतद्द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का अधिनियम संख्यांक 2) की धारा 24 की उपधारा (1) के अन्तर्गत मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से परामर्श के पश्चात् राज्य सरकार की ओर से मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय में किसी अभियोजन, अपील या अन्य कार्यवाही के संचालन के लिये इस विभाग के आदेश क्र. 3577-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 18 अक्टूबर 2022 द्वारा महाधिवक्ता कार्यालय, इन्दौर में नियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री आनंद सोनी को, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अपर लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

फा. क्र. 3884-इक्कीस-ब(दो).—इस विभाग के आदेश क्रमांक 2217-2021-इक्कीस-ब (दो), दिनांक 25 जून 2021 के द्वारा कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 के अन्तर्गत परिवार न्यायालय, पन्ना में कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 69 के प्रावधानों के अन्तर्गत श्रीमती गिरजा गुप्ता को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया था.

कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 19 के प्रावधानों के अन्तर्गत कुटुम्ब न्यायालय (परिवार न्यायालय) के प्रधान न्यायाधीश ने श्रीमती गिरजा गुप्ता को परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति को समाप्त किए जाने की सिफारिश की है.

अतः प्रधान न्यायाधीश की उक्त सिफारिश दिनांक 7 नवम्बर 2022 पर विचार करने के उपरान्त राज्य सरकार, एतद्द्वारा परामर्शदाता के पद पर नियुक्त श्रीमती गिरजा गुप्ता की नियुक्ति समाप्त करता है.

भोपाल, दिनांक 24 नवम्बर 2022

फा. क्र.4519-इक्कीस-ब-(एक)-2022.—राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक ब(1) 3476-2013, दिनांक 11 सितम्बर, 2013 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-एक में दिनांक 20 सितम्बर, 2013 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 3 तथा उससे संबंधित प्रविष्टि के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे

संबंधित प्रविष्टि स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

क्रमांक	जिले का नाम	विशेष न्यायाधीश का नाम तथा पद नाम
(1)	(2)	(3)
"3.	बैतूल	श्री आशीष टांकले, तृतीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बैतूल."

2. यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 4519-XXI-B (1) 2022 .—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of the National Investigation Agency Act, 2008 (34 of 2008), the State Government in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendments in this department's Notification F-No. B(1) 3476-2013, dated 11th September, 2013, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 20th September, 2013, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the table, for serial number 3 and entries relating thereto, the following serial number and entrie relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S. No.	Name of District	Name and Designation of Special Judge
(1)	(2)	(3)
"3.	Betul	Shri Ashish Tankle, IIIrd District and Additional Sessions Judge, Betul.".

2. This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. के. द्विवेदी, प्रमुख सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2022

क्र. 7225-938828-22-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का सं. 02) की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट किशोर न्याय बोर्ड में, कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए, कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट न्यायिक अधिकारी को प्रधान मजिस्ट्रेट के रूप में पदांकित करता है, अर्थात् :—

अनुसूची

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड और उसका मुख्यालय	जिले का नाम	प्रधान मजिस्ट्रेट का नाम एवं पदनाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	सीहोर	सीहोर	श्री कैशव कुमार, JMFC

No. 7225-938828-22-L-2.— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section 4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2015 (No. 02 of 2016), the State Government hereby designates Judicial Officers as specified in column no. (4) as the Principal Magistrate in the following Juvenile Justice Board as specified in the column (2) of the Schedule below for the District as specified in column (3) thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such Board under the said Act, namely :—

SCHEDULE

S.No.	Name of the Juvenile Justice Board & its Head Quarter	Name of the District	Name of the Principal Magistrate & Designation
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	Sehore	Sehore	Shri Keshav Kumar, JMFC

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
अजय कटेसारिया, उपसचिव.

पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 नवम्बर 2022

क्र. एफ 7-1-2019-बत्तीस-3.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (क्रमांक 6 सन् 1974) की धारा 4 के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (अध्यक्ष की अर्हताएं और सेवा के अन्य निबंधन तथा शर्तें) नियम, 2019 की धारा 7 के तहत प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग को अध्यक्ष, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नामनिर्दिष्ट किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय नथानियल अवर सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 नवम्बर 2022

क्र. एफ-11-5-2006-उन्तीस-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मेमोरेंडम एंड आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 81(ए) (सी) (डी) के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के संचालक मंडल में श्री उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, भोपाल को संचालक मनोनित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कैलाश बुंदेला, उपसचिव.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 नवम्बर 2022

क्र. यूडीएच-3-0108-2022-अठारह-5.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 17-क(1) के अन्तर्गत छिन्दवाड़ा विकास योजना मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश क्रमांक एफ-3-18-2016-अठारह, भोपाल दिनांक 9 जून 2016 को निरस्त करते हुए छिन्वाड़ा विकास योजना पुनर्विलोकन एवं संशोधन हेतु निम्नानुसार समिति का पुनर्गठन किया जाता है. यह समिति अधिनियम की धारा 17-क(2) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगी:—

अधिनियम की धारा 17-क(1) की उपधारा	पदनाम	संस्था/पता	समिति में पद
(1)	(2)	(3)	(4)
(क)	महापौर	नगरपालिक निगम, छिन्दवाड़ा	सदस्य
(ख)	अध्यक्ष	जिला पंचायत, छिन्दवाड़ा	सदस्य
(ग)	संसद सदस्य	लोक सभा क्षेत्र, छिन्दवाड़ा	सदस्य
(घ)	विधायक	विधान सभा क्षेत्र, छिन्दवाड़ा	सदस्य
(ङ)	अध्यक्ष	नगर विकास प्राधिकरण/साडा	कोई नहीं
(च)	अध्यक्ष	जनपद पंचायत, छिन्दवाड़ा	सदस्य
(छ)	(1) सरपंच	ग्राम पंचायत, गुरैया (ग्राम गुरैया एवं उसरिया)	सदस्य
	(2) सरपंच	ग्राम पंचायत, सुरगी (ग्राम सुरगी)	सदस्य
	(3) सरपंच	ग्राम पंचायत, झिरलिंगा	सदस्य
	(4) सरपंच	ग्राम पंचायत, रोहनाखुर्द (ग्राम खापामिट्ठे खाँ)	सदस्य
	(5) सरपंच	ग्राम पंचायत, चारगांव प्रहलाद (ग्राम चारगांव प्रहलाद एवं डून्डा सिवनी).	सदस्य

(1)	(2)	(3)	(4)
	(6) सरपंच	ग्राम पंचायत, लकड़ाई जम्होड़ी	सदस्य
	(7) सरपंच	ग्राम पंचायत, सारना	सदस्य
	(8) सरपंच	ग्राम पंचायत, पखड़िया	सदस्य
	(9) सरपंच	ग्राम पंचायत, माल्हनवाड़ा (ग्राम माल्हनवाड़ा एवं अतरवाड़ा).	सदस्य
	(10) सरपंच	ग्राम पंचायत, अर्जुनवाड़ी (ग्राम अर्जुनवाड़ी एवं कुकड़ाचिमन).	सदस्य
	(11) सरपंच	ग्राम पंचायत, शिकारपुर (ग्राम शिकारपुर एवं मुरमारी)	सदस्य
	(12) सरपंच	ग्राम पंचायत, लोनिया (ग्राम पोनारी)	सदस्य
	(13) सरपंच	ग्राम पंचायत, लिंगा	सदस्य
	(14) सरपंच	ग्राम पंचायत, बड़गोना जोशी (ग्राम देवर्धा)	सदस्य
	(15) सरपंच	ग्राम पंचायत, गोरेघाट (ग्राम जेतपुरखुर्द एवं सालीमेटा)	सदस्य
	(16) सरपंच	ग्राम पंचायत, सरोरा (ग्राम गाडरवाडा)	सदस्य
	(17) सरपंच	ग्राम पंचायत, खुनाझिरकलां	सदस्य
	(18) सरपंच	ग्राम पंचायत, खैरवाड़ा	सदस्य
	(19) सरपंच	ग्राम पंचायत, थुनिया उदना (ग्राम थुनिया उदना एवं चारगॉवभाट).	सदस्य
	(20) सरपंच	ग्राम पंचायत, कुण्डालीकलां	सदस्य
	(21) सरपंच	ग्राम पंचायत, मानेगांव (ग्राम मानेगांव, मोआदेई एवं डुंगरिया)	सदस्य
(ज)	(1) प्रतिनिधि	कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा	सदस्य
	(2) प्रतिनिधि	आयुक्त, नगरपालिक निगम, छिन्दवाड़ा	सदस्य
	(3) प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, छिन्दवाड़ा	सदस्य
	(4) प्रतिनिधि	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, छिन्दवाड़ा	सदस्य
	(5) प्रतिनिधि	इंस्टिट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया	सदस्य
	(6) प्रतिनिधि	इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया	सदस्य
	(7) प्रतिनिधि	काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर	सदस्य
(झ)	समिति का संयोजक	संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जबलपुर (म. प्र.)	संयोजक

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2022

सूचना

क्र. यूडीएच-3-0097-2022-अठारह-5.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, वि.क.अ.-सह-आयुक्त-सह-

संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल की सूचना क्रमांक 3816-टी सी-105-धार-उपां-नग्रानि-2022, भोपाल, दिनांक 20 सितम्बर 2022 द्वारा प्रस्तावित किये गये अनुसार प्रवर्तित धार विकास योजना 2021 में निम्नानुसार उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्र.	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् प्रस्तावित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	इस्लामपुरा, तहसील एवं जिला धार.	13/1	खसरा क्रमांक 13 का कुल रकबा 1.0380 में से 0.7724	सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक एवं बस स्टेण्ड.	मिश्रित
			योग . .	कुल रकबा 1.0380 में से 0.7724	

नोट—

1. प्रश्नाधीन भूमि के सम्मुख स्थित वर्तमान मार्गों की प्रस्तावित चौड़ाई 12.00 मीटर है. अत: मार्ग मध्य से 6.00 मीटर भूमि मार्ग विस्तार हेतु सुरक्षित रखा जाना अनिवार्य होगा.
2. स्थल पर स्थित विद्युत् लाईन से मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 तथा ऊर्जा विभाग द्वारा निर्धारित सीमा तक क्षेत्र खुला रखना आवश्यक होगा.
3. स्थल पर स्थित वृक्षों को यथासंभव यथास्थिति में रखा जाना आवश्यक होगा एवं वृक्षों को हटाने की दशा में संबंधित विभाग से अनुमति अनिवार्य होगी.

शर्तें—

1. उक्त मिश्रित भूमि उपयोग परिक्षेत्र में स्वीकृत एवं स्वीकार्य गतिविधियों हेतु आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक उपयोग परिक्षेत्र में उल्लेखित समस्त गतिविधियाँ मान्य होंगी.
2. उक्त मिश्रित गतिविधियों हेतु नियमन, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानानुसार लागू होंगे.
3. उपरोक्त उपांतरण धार विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

क्र. यूडीएच-3-0105-2022-अठारह-5.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012) की धारा 23 ''क'' की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, वि.क.अ.-सह-आयुक्त-सह-संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल की सूचना क्रमांक 3804-टी सी-127-उपां-डबरा-नग्रानि-2022, भोपाल, दिनांक 20 सितम्बर 2022 द्वारा प्रस्तावित किये गये अनुसार प्रवर्तित डबरा विकास योजना 2031 में निम्नानुसार उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :—

अनुसूची

क्र.	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् प्रस्तावित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	डबरा, तहसील डबरा, जिला ग्वालियर.	999	1.4000 में से 0.0662	सार्वजनिक एवं अर्ध-सार्वजनिक तथा मार्ग.	मिश्रित एवं मार्ग
			योग . .	कुल रकबा 1.4000 में से 0.0662	

नोट—

1. प्रश्नाधीन भूमि के सम्मुख स्थित वर्तमान में डबरा भिरतरवार मार्ग की चौड़ाई 45.00 मीटर है. अत: मार्ग मध्य से 22.50-22.50 मीटर भूमि मार्ग विस्तार हेतु सुरक्षित रखा जाना अनिवार्य होगा.
2. रेल्वे सीमा से न्यूनतम 30.00 मीटर दूरी तक विकास/निर्माण के पूर्व रेल्वे से एन.ओ.सी. लेना अनिवार्य होगा.
3. स्थल पर स्थित विद्युत् लाईन से मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 तथा ऊर्जा विभाग द्वारा निर्धारित सीमा तक क्षेत्र खुला रखना आवश्यक होगा.
4. स्थल पर स्थित वृक्षों को यथासंभव यथास्थिति में रखा जाना आवश्यक होगा एवं वृक्षों को हटाने की दशा में संबंधित विभाग से अनुमति अनिवार्य होगी.

शर्तें—

1. उक्त मिश्रित भूमि उपयोग परिक्षेत्र में स्वीकृत एवं स्वीकार्य गतिविधियों हेतु आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक उपयोग परिक्षेत्र में उल्लेखित समस्त गतिविधियाँ मान्य होंगी.
2. उक्त मिश्रित गतिविधियों हेतु नियमन, मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम, 2012 के प्रावधानानुसार लागू होंगे.
3. उपरोक्त उपांतरण धार विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शुभाशीष बैनर्जी, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रतलाम, मध्यप्रदेश

रतलाम, दिनांक 10 अक्टूबर 2022

क्र. 4081-स्थापना-2022.—मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34-ए में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए, मैं, नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार, लोक न्यास, जिला रतलाम निम्नानुसार कॉलम (02) में उल्लेखित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को कॉलम नंबर (3) अनुसार कार्यक्षेत्र के लिये रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट के अधिकार प्रत्यायोजित करता हूं:—

क्रमांक	अनुभाग का विवरण	कार्यक्षेत्र का विवरण
(1)	(2)	(3)
1	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रतलाम शहर	अनुभाग रतलाम शहर की राजस्व सीमाक्षेत्र
2	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रतलाम ग्रामीण	अनुभाग रतलाम ग्रामीण की राजस्व सीमाक्षेत्र
3	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जावरा	अनुभाग जावरा की राजस्व सीमाक्षेत्र
4	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रतलाम आलोट	अनुभाग आलोट की राजस्व सीमाक्षेत्र
5	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रतलाम सैलाना	अनुभाग सैलाना की राजस्व सीमाक्षेत्र

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला-सतना, मध्यप्रदेश

सतना, दिनांक 18 नवम्बर 2022

क्र. 853-5अ-एस.सी.-1-2022.—मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 19-196-2003-1-4, भोपाल, दिनांक 28 जून 2004 द्वारा गठित समिति के निर्णय के अनुशरण में, उपरोक्त शासन की कण्डिका 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा ''शासकीय माध्यमिक विद्यालय दलदल बनाफर टोला'' विकासखण्ड-रामपुर बाघेलान, जिला सतना (म. प्र.) का नामकरण-''**वीर जवान शहीद लाल कर्णवीर सिंह शासकीय माध्यमिक विद्यालय, दलदल बनाफर टोला**'' किये जाने का आदेश दिया जाता है.

अनुराग वर्मा, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 नवम्बर 2022

क्र. एफ-3-3-4-0001-2022-Sec-2-सात (Rev).—अधिसूचना क्रमांक एफ. 16-15-(10)2014-सात-2ए, दिनांक 29 सितम्बर 2014 जो कि मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03 अक्टूबर 2014 में प्रकाशित हुई है, को बाणसागर परियोजना क्षेत्र, रीवा के मामले में अतिष्ठित करते हुए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 44 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, आयुक्त, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, बाणसागर परियोजना रीवा को बाणसागर परियोजना क्षेत्र के भीतर पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन आयुक्त के रूप में नियुक्त करती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश कुमार कौल, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 25 नवम्बर 2022

क्र. एफ-3-3-4-0001-2022-Sec-2-सात (Rev).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-3-3-4-0001-2022-Sec-2-सात (Rev), दिनांक 25 नवम्बर 2022 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश कुमार कौल, अवर सचिव.

Bhopal, the 25th November 2022

F. No. 3-3-4-0001-2022-Sec-2-VII (Rev).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 44 of the Right to fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (No. 30 of 2013), in suppression of the Notification No. F. 16-15 (10)-2014-VII-Sec. 2a, dated 29th September, 2014 published in Madhya Pradesh Rajpatra dated 03rd October, 2014, the State Government, hereby, office of the Commissioner Bansagar Pariyojna Kshetra Rewa as the Commissioner for Rehabilitation and Resettlement within the Pariyojna Kshetra.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
RAJESH KUMAR KAUL, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 29 नवम्बर 2022

क्र. (Rev) 6-0005-2022-Sec-सात.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (3) में अंतर्विष्ट उपबंध के अनुसरण में, एतद्द्वारा, यह सूचना दी जाती है कि उक्त धारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, संभाग नर्मदापुरम के जिला नर्मदापुरम की वर्तमान तहसील सिवनी मालवा की सीमाओं को परिवर्तित करने नवीन तहसील शिवपुर का गठन करने तथा नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गए अनुसार उसकी सीमाओं को परिभाषित करना प्रस्तावित करती है.

''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस का अवसान होने के पश्चात् प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा तथा उसके संबंध में कोई भी आपत्तियाँ या सुझाव, लिखित में, उक्त कालावधि का अवसान होने के पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को अग्रेषित किये जा सकेंगे:—

अनुसूची

क्र.	विद्यमान तहसील का नाम तथा उसका मुख्यालय	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात् तहसील में सम्मिलित किये जाने वाले या उससे अपवर्जित किये जाने वाले क्षेत्रों के विवरण	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात् तहसील एवं उसके मुख्यालय का नाम	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात् तहसील में समाविष्ट किये गये क्षेत्रों के विवरण	प्रस्तावित परिवर्तन के पश्चात् तहसील की सीमाएं	अभियुक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	सिवनी मालवा	तहसील सिवनी मालवा के रा.नि.मं. शिवपुर के पटवारी हल्का नं. 01 से 09, रा.नि.मं. चापडाग्रहण के पटवारी हल्का नं. 10 से 19, रा.नि.मं., पगढाल के पटवारी हल्का नं. 20 से 30 हल्के अपवर्जित होंगे	सिवनी मालवा	तहसील सिवनी मालवा में शेष 57 हल्के समाविष्ट होंगे जिसमें रा.नि.मं. खपरिया हल्का नं. 01 से 13, रा.नि.मं. धरमकंडी 14 से 23, रा.नि.मं. सिवनी मालवा 24 से 33, रा.नि.मं. लोखरथलाई 34 से 45, रा.नि.मं. नंदरवाड़ा 46 से 57 सम्मिलित होंगे.	**पूर्व में**—तहसील इटारसी **पश्चिम में**—शिवपुर **उत्तर में**—रेहटी, डोलरिया **दक्षिण में**—चिचोली	
2	-	-	शिवपुर	वर्तमान तहसील सिवनी मालवा के रा.नि.मं. शिवपुर हल्का नं. 01 से 09 रा.नि.मं. चापडाग्रहण 10 से 19, रा.नि.मं. पगढाल 20 से 30 हल्के समाविष्ट होंगे.	**पूर्व में**—सिवनी मालवा **पश्चिम में**—टिमरनी **उत्तर में**—रेहटी, नसरूल्लागंज. **दक्षिण में**—सिवनी मालवा	

3. प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

सुमन रायकवार, अवर सचिव.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 नवम्बर 2022

क्रमांक एफ–3–07/2022/18-5-म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 19 की उपधारा (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार एतद द्वारा आयुक्त सह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 18 (3) सहपठित धारा 23 (1) के प्रावधानों के तहत प्रस्तुत पुनर्विलोकित सीहोर विकास योजना (प्रारूप) 2035 के रंगीन मानचित्र एवं पुस्तिका में नीचे दी गई अनुसूची में यथानिर्दिष्ट उपांतरण प्रस्तावित करती है। उपांतरणों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptownplan.gov.in पर उपलब्ध है, तथा उनका निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर सूचना प्रकाशन की दिनांक से 30 दिवस की कालावधि में निरीक्षण किया जा सकेगा।

1. अवर सचिव, म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग कक्ष क्रमांक ए 227, वी.बी. 2 द्वितीय तल, मंत्रालय भोपाल, म.प्र.।
2. आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल म.प्र.।
3. कलेक्टर जिला सीहोर म.प्र.।
4. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक परिषद सीहोर म.प्र.।
5. सयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल–सीहोर–रायसेन म.प्र.।

अनुसूची

1. **सीहोर विकास योजना (प्रारूप) 2035 के प्रस्तावित भूमि उपयोग मानचित्र क्रमांक 4.2A, 4.2B एवं प्रस्तावित परिभ्रमण योजना अवधारणा के मानचित्र क. 5.4B में प्रस्तावित उपांतरण।**

क्रमांक	प्रारूप 2035 में धारा 19 (2) मे प्रस्तावित उपांतरण
1	2
	मार्ग रेखांकन में संशोधन संबंधी प्रस्ताव
01	प्रारूप में प्रस्तावित एम.आर.–4 का भाग जो कृषि महाविद्यालय के परिसर से गुजरता है, की चौड़ाई 18 मीटर रखते हुए Realign किया जाना प्रस्तावित है।
	भूमि उपयोग संबंधी प्रस्ताव
02	ग्राम तकीपुर में भोपाल देवास मार्ग से सलग्न भूमि खसरा क्रमांक 218/1 पर वाणिज्यिक भूमि उपयोग (वर्गीकृत बाजार) को विलोपित कर मिश्रित भूमि उपयोग किया जाना प्रस्तावित है।
	सीहोर विकास योजना (प्रारूप) 2035 पुस्तिका में प्रस्तावित उपांतरण।
03	अध्याय 6 विकास नियमन की कण्डिका 6.5.4 वाणिज्यिक उपयोग परिक्षेत्र की सारणी कमांक 6.5 के नीचे अंकित टीप–1 एवं 4 को निम्न टीप से प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है:– 1. 18.0 मीटर तथा उससे अधिक चौड़े मार्गो के लिए मार्ग की चौड़ाई के आधार पर निम्नानुसार एफ.ए.आर. देय होगा। • मार्ग चौड़ाई 18.0 मीटर एवं उससे अधिक– 1.75 • मार्ग चौड़ाई 24.0 मीटर एवं उससे अधिक– 2.0 4. 12.00 मीटर से अधिक चौड़े मार्गो पर भवन रेखा निम्नानुसार निर्धारित की जायेंगी। मार्ग चौड़ाई भवन रेखा (मार्ग मध्य से)

क्रमांक	प्रारूप 2035 में धारा 19 (2) मे प्रस्तावित उपांतरण
1	2
	मार्ग रेखांकन में संशोधन संबंधी प्रस्ताव
	12.0 मीटर 10.5 मीटर 18.0 मीटर 13.5 मीटर 24.0 मीटर 16.5 मीटर
04	अध्याय 6 विकास योजना (प्रारूप) –2035 की कण्डिका क्रमांक 6.11.3 के लाइन क्रमांक 2 में उल्लेखित "जल ग्रहण क्षेत्र के बाहर ग्रामीण विस्तार के लिये वर्तमान ग्रामीण आबादी से संलग्न 250 मीटर तक की परिधि का क्षेत्र अनुज्ञेय होगा, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक के अंतर्गत आने वाली गतिविधियां स्वीकार्य होंगी।" के स्थान पर निम्न लाईन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है– "जल ग्रहण क्षेत्र के बाहर ग्रामीण विस्तार के लिये वर्तमान ग्रामीण आबादी से संलग्न 150 मीटर तक की परिधि का क्षेत्र अनुज्ञेय होगा, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक के अंतर्गत आने वाली गतिविधियां स्वीकार्य होंगी।"
05	अध्याय 6 विकास योजना (प्रारूप) –2035 की कण्डिका क्रमांक 6.11.4 के लाइन क्रमांक 2 में उल्लेखित "केचमेंट क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण विस्तार के लिये वर्तमान ग्रामीण आबादी से संलग्न 150 मीटर तक की परिधि का क्षेत्र अनुज्ञेय होगा, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक के अंतर्गत आने वाली गतिविधियां स्वीकार्य होंगी।" के स्थान पर निम्न लाईन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है– "केचमेंट क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण विस्तार के लिये वर्तमान ग्रामीण आबादी से संलग्न 100 मीटर तक की परिधि का क्षेत्र अनुज्ञेय होगा, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक तथा सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक के अंतर्गत आने वाली गतिविधियां स्वीकार्य होंगी।"
06	अध्याय 6 विकास योजना (प्रारूप) –2035 की कण्डिका क्रमांक 6.10 में उल्लेखित "पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अधिसूचित आर्द्र भूमि नियम 2017 प्रभावशील है। इन नियमों के अंतर्गत अधिसूचित भोज वेटलेण्ड के अंतर्गत कुल 99 ग्राम सम्मिलित है, जिनमें से भोपाल तालाब से संलग्न केचमेंट क्षेत्र भोपाल निवेश क्षेत्र के अंतर्गत है, जिसमें 63 ग्राम सम्मिलित है; तथा भोपाल निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले केचमेंट से संलग्न 36 ग्राम सीहोर निवेश क्षेत्र के अंतर्गत है। इस क्षेत्र को विकास योजना में नियोजन इकाई क्रमांक–4 क्षेत्र में रखा गया है। आर्द्र भूमि नियम, 2017 के अंतर्गत अधिसूचित किये जाने वाले नियम सीहोर विकास योजना का भाग होगें।" के स्थान पर निम्न लाईन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है– "पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अधिसूचित आर्द्र भूमि नियम 2017 प्रभावशील है। इन नियमों के अंतर्गत अधिसूचित भोज वेटलेण्ड के अंतर्गत सीहोर निवेश क्षेत्र में 36 ग्राम है। इस क्षेत्र को विकास योजना में नियोजन इकाई क्रमांक–4 क्षेत्र में रखा गया है। **पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत पर्यावरण विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश क्रमांक 302/233/2022/32–3 दिनांक 16/03/2022 (आर्द्रभूमि नियम, 2017 के साथ सहपठित) यथोचित परिवर्तनों सहित सीहोर विकास योजना का भाग होगा।"**

प्रस्तावित उपांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो, वह अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग को म.प्र. राजपत्र में इस सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा एवं ऐसी आपत्तियां या सुझाव जो ऊपर विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान होने से पूर्व प्राप्त हो राज्य सरकार द्वारा विचार किया जायेगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शुभाशीष बैनर्जी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2022

क्रमांक एफ 3-19/2022/18-5 म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 19 की उपधारा (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार एतद द्वारा आयुक्त सह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 18 (3) सहपठित धारा 23 (1) के प्रावधानों के तहत प्रस्तुत पुनर्विलोकित नीमच विकास योजना (प्रारूप) 2035 के रंगीन मानचित्र एवं पुस्तिका में नीचे दी गई अनुसूची में यथानिर्दिष्ट उपांतरण प्रस्तावित करती है। उपांतरणों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptownplan.gov.in पर उपलब्ध है, तथा उनका निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर सूचना प्रकाशन की दिनांक से 30 दिवस की कालावधि में निरीक्षण किया जा सकेगा।

1. अवर सचिव, म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग कक्ष क्रमांक ए 227, वी.बी. 2 द्वितीय तल, मंत्रालय भोपाल, म.प्र.।
2. आयुक्त उज्जैन संभाग उज्जैन म.प्र.।
3. कलेक्टर जिला नीमच म.प्र.।
4. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक परिषद नीमच म.प्र.।
5. उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, नीमच म.प्र.।

अनुसूची

नीमच विकास योजना (प्रारूप) 2035 के प्रस्तावित भूमि उपयोग मानचित्र क्रमांक 4.1 एवं प्रस्तावित परिभ्रमण योजना अवधारणा के मानचित्र क. 5.2 में प्रस्तावित उपांतरण।

1. प्रस्तावित नवीन मुख्य मार्ग संबंधी प्रस्ताव

01	प्रारूप में एम.आर.–37 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
02	प्रारूप में एम.आर.–38 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
03	प्रारूप में एम.आर.–39 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
04	प्रारूप में एम.आर.–40 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
05	प्रारूप में एम.आर.–41 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
06	प्रारूप में एम.आर.–42 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
07	प्रारूप में एम.आर.–43 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
08	प्रारूप में एम.आर.–44 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
09	प्रारूप में एम.आर.–45 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
10	प्रारूप में एम.आर.–46 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
11	प्रारूप में एम.आर.–47 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
12	प्रारूप में एम.आर.–48 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
13	प्रारूप में एम.आर.–49 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
14	प्रारूप में एम.आर.–51 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
15	प्रारूप में एम.आर.–52 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
16	प्रारूप में एम.आर.–53 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,
17	प्रारूप में प्रस्तावित दक्षिण–पुर्वी रिंग रोड–02 का नवीन रेखांकन प्रस्तावित,

2. अध्याय–05 की सारणी क्र. 5–सा–2 में क्र. 03 में उल्लेखित मुख्य मार्ग क्र. 36 के बाद निम्नानुसार नवीन मार्ग प्रस्तावित

क्र.	मार्ग का नाम	प्रस्तावित मार्ग की चौड़ाई (मीटर में)
1	मुख्य मार्ग क्रमांक – 37	24.0
2	मुख्य मार्ग क्रमांक – 38	24.0
3	मुख्य मार्ग क्रमांक – 39	24.0
4	मुख्य मार्ग क्रमांक – 40	24.0
5	मुख्य मार्ग क्रमांक – 41	24.0
6	मुख्य मार्ग क्रमांक – 42	24.0
7	मुख्य मार्ग क्रमांक – 43	24.0
8	मुख्य मार्ग क्रमांक – 44	24.0
9	मुख्य मार्ग क्रमांक – 45	24.0
10	मुख्य मार्ग क्रमांक – 46	24.0
11	मुख्य मार्ग क्रमांक – 47	24.0
12	मुख्य मार्ग क्रमांक – 48	24.0
13	मुख्य मार्ग क्रमांक – 49	24.0
14	मुख्य मार्ग क्रमांक – 50	30.0
15	मुख्य मार्ग क्रमांक – 51	24.0
16	मुख्य मार्ग क्रमांक – 52	24.0
17	मुख्य मार्ग क्रमांक – 53	24.0

3. प्रारूप में प्रस्तावित मुख्य मार्ग के रेखांकन में संशोधन संबंधी प्रस्ताव

01	प्रारूप में प्रस्तावित उत्तरीय–पश्चिमी रिंग रोड – रेखांकन में परिवर्तन कर प्रस्तावित,
02	प्रारूप में प्रस्तावित एम.आर.–4 के रेखांकन में परिवर्तन कर एम.आर.–12 तक विस्तार कर प्रस्तावित,
03	प्रारूप में प्रस्तावित एम.आर.–6 के रेखांकन में परिवर्तन कर छोटी सादढी मार्ग तक विस्तार कर प्रस्तावित,
04	प्रारूप में प्रस्तावित एम.आर.–12 के रेखांकन में परिवर्तन कर एम.आर.–50 तक विस्तार कर प्रस्तावित,
05	प्रारूप में प्रस्तावित एम.आर.–18 के रेखांकन में परिवर्तन प्रस्तावित,
06	प्रारूप में प्रस्तावित एम.आर.–50 के रेखांकन में परिवर्तन प्रस्तावित,

4. भूमि उपयोग संबंधी प्रस्ताव

1	ग्राम हिंगोरिया स्थित वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के समांतर हरित क्षेत्र भू–उपयोग के विलोपित कर कृषि भूमि प्रस्तावित
2	ग्राम जैतपुरा बायपास मार्ग के पास विद्यमान तालाब के आसपास कृषि भूमि को विलोपित कर आमोद–प्रमोद भू–उपयोग प्रस्तावित।
3	ग्राम रावतखेड़ा में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के उत्तरी भाग से नाले एवं मार्ग के बीच प्रस्तावित औद्योगिक भू–उपयोग को विलोपित कर कृषि भू–उपयोग प्रस्तावित।
4	कस्बा नीमच सिटी में सिंगोली मार्ग के दोनों ओर प्रस्तावित औद्योगिक उपयोग को विलोपित कर आवासीय भू–उपयोग प्रस्तावित।
5	कस्बा नीमच सिटी में स्थित बाबा शहाबुद्दिन दरगाह एवं रावणरूणी मंदिर के बीच प्रस्तावित आमोद–प्रमोद में संशोधन कर नाले से 100 मीटर तक हरित क्षेत्र के बाद नवीन

	प्रस्तावित एम.आर. 38 के मध्य आमोद–प्रमोद (उद्यान) एवं शेष को आवासीय उपयोग हेतु प्रस्तावित।
6	ग्राम कनावटी में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर एवं ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे प्रस्तावित एम.आर. 46 एवं नाले के मध्य प्रस्तावित औद्योगिक भू–उपयोग में संशोधन कर वाणिज्यिक एवं आवासीय उपयोग तथा एम.आर. 46 मार्ग के समानांतर 50.0 मीटर गहराई तक वाणिज्यिक उपयोग प्रस्तावित।
7	ग्राम जैतपुरा में मनासा मार्ग के दक्षिणी भाग में प्रस्तावित मिश्रित भूमि उपयोग को विलोपित कर ट्रांसपोर्ट नगर प्रस्तावित।
8	ग्राम जयसिंहपुरा में स्थित हवाई पट्टी से लगकर विद्यमान मार्ग के दक्षिणी भाग में प्रस्तावित परिवहन भू–उपयोग को विलोपित कर कृषि उपयोग तथा हवाई पट्टी के चारों ओर 50.0 मीटर आमोद–प्रमोद (हरित क्षेत्र) प्रस्तावित एवं हवाई पट्टी के उत्तरी भाग पर 300 मीटर रनवे प्रस्तावित।
9	कस्बा नीमच सिटी मनासा मार्ग पर प्रस्तावित मण्डी को विलोपित कर सामान्य वाणिज्यिक प्रस्तावित।
10	विकास योजना में रंगीन मानचित्र कमांक 4.1 प्रस्तावित भू–उपयोग के संकेत में वृक्षारोपण हेतु निर्दिष्ट जी–8 को विलोपित कर हरित क्षेत्र में प्रस्तावित।

नीमच विकास योजना (प्रारूप) 2035 पुस्तिका में प्रस्तावित उपांतरण।

01 अध्याय–3 की कंडिका 3.5 में "ग्राम विकास" में सार्वजनिक/सुविधाओं के पश्चात् स्वयं का आवास संबंधी प्रावधान सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित।

02 अध्याय 4 की सारणी 4–सा–2 के अनुक्रमांक 4 में अंकित टीप को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है:–

अनु. क्र.	विवरण	विकास योजना प्रस्तावित स्थल	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
4	यातायात नगर/मैकेनिक नगर	निवेश इकाई क्रमांक–1 के स्थान पर 2	3.08

03 अध्याय 6 विकास नियमन की कण्डिका 6.9.1 वाणिज्यिक अभिन्यासों के लिए रूपांकन मार्गदर्शिका की सारणी क्रमांक 6–सा–4 के नीचे अंकित टीप के बिन्दु क्र. 1 एवं 4 को निम्न टीप से प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है।

1. 18.0 मीटर तथा उससे अधिक चौड़े मार्गो के लिए मार्ग की चौड़ाई के आधार पर निम्नानुसार एफ.ए.आर. देय होगा।
   - मार्ग चौड़ाई 18.0 मीटर एवं उससे अधिक–1:1.75
   - मार्ग चौड़ाई 24.0 मीटर एवं उससे अधिक –1:2.0

4. 12.00 मीटर से अधिक चौड़े मार्गो पर भवन रेखा निम्नानुसार निर्धारित की जायेंगी।

मार्ग चौड़ाई	भवन रेखा (मार्ग मध्य से)
12.0 मीटर	10.5 मीटर
18.0 मीटर	13.5 मीटर
24.0 मीटर	16.5 मीटर

6. **अध्याय 6 विकास नियमन की कण्डिका 6.11 सामुदायिक सुविधाओं/सेवाओं/हेतू नियमन की सारणी क्रमांक 6–सा–6 को निम्न सारणी से प्रतिस्थापित किया जाना प्रस्तावित है।**

क्र	श्रेणी	जनसंख्या	प्रति सुविधा के लिए अनुशंसित क्षेत्र (हेक्टेयर)	न्युनतम मार्ग चौड़ाई (मी. में)
1	2	3	4	5
1	**शैक्षणिक भवन**			
	नर्सरी/पूर्व प्राथमिक शाला	2500–3000	0.08–0.1	12.0
	प्राथमिक विद्यालय	3000–4000	0.40–0.60	12.0
	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	7500–10000	1.60–2.0	12.0
	महाविद्यालय	10000–50000	2.0–4.0	18.0
2	**स्वास्थ्य**			
	सामान्य चिकित्सालय	80000	4.0	18.0
	हेल्थ सेंटर	15000	0.08 से 2.0	12.0
	नर्सिंग होम	45000	0.2 से 0.5	12.0
	पालीक्लीनिक	1.5 लाख	0.2 से 0.5	12.0
	पेट क्लीनिक	1.5 लाख	0.2 से 0.5	12.0
3	वाणिज्यिक सुविधायें जिनमें दुकानों की सुविधा सम्मिलित है।	प्रत्येक 100 की जनसंख्या के लिए 1	0.05 से 0.1	12.0
4	**संचार सुविधायें तथा अत्यावश्यक सेवायें**			
	उप डाकघर	प्रत्येक 10000 पर 1	100 वर्गमीटर	12.0
	डाक और तार कार्यालय		1.0	12.0
	विद्युत उप केन्द्र	प्रत्येक 10000 पर 1	12X12 मीटर	12.0
	पुलिस चौकी		0.4	12.0
	पुलिस थाना	—	0.8	12.0
	अग्निशमन केन्द्र	20000	0.8	12.0
		50000		
		—		
5	**सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुविधाऐं**			
	कला विथिका एवं संग्रहालय	नगर स्तरीय	0.5 से 1.0	12.0
	ऑडीटोरियम	2 से 3 लाख	0.5 से 1.0	12.0
	केन्द्रीय पुस्तकालय	नगर स्तरीय	0.5 से 1.0	12.0
	क्लब	1 से 3 लाख	0.5 से 1.0	12.0
	सामुदायिक कक्ष एवं पुस्तकालय	15000	0.2 से 0.4	12.0
	धार्मिक भवन/धर्मशाला	5000	0.04	12.0
	धार्मिक/अध्यात्मिक केन्द्र	1 से 3 लाख	0.5	12.0
6	**अन्य**			
	दुग्ध वितरण केन्द्र	5000	0.002	12.0
	तरल पेट्रोलियम गैस गोदाम	3 से 5 लाख	0.5 से 0.6	12.0
	टैक्सी एवं तिपहिया वाहन स्थल	5 लाख	0.05	12.0

	कब्रिस्तान/श्मशान घाट	1.5 से 2.0	2.0	12.0
नोट–उपरोक्त कॉलम 4 में वर्णित विभिन्न सुख सुविधाओं के लिए आपेक्षित न्यूनतम भूमि केवल निर्देशात्मक है। भूखण्ड का आकार प्रशासकीय विभाग या किसी नियामक प्राधिकारी या भूखण्ड का न्यूनतम आकार विहित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित किये गये अनुसार होगा।				

7. उपरोक्त प्रस्तावित उपांतरण के फलस्वरूप विकास योजना में समुचित कण्डिका एवं सारणी में भी संशोधन किया जाना प्रस्तावति है।

उक्त उपांतण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/सुझाव हों तो, वह अवर सचिव, म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग को म.प्र. राजपत्र में इस सूचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा एवं ऐसी आपत्तियां या सुझाव जो ऊपर विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान होने से पूर्व प्राप्त हो राज्य सरकार द्वारा विचार किया जायेगा।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शुभाशीष बैनर्जी, उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर जिला विदिशा एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्र. Q–भू–अर्जन–2022–23 विदिशा, दिनांक 18 नवम्बर 2022

(देखिये धारा 11)

सेमलखेड़ी, पटवारी हल्का नं. 39 तहसील सिरोंज

चुँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची –1 में वर्णित भूमि की, राज्य शासन के विभाग सेमलखेड़ी तीर्थ लघु सिंचाई परियोजना क्रियान्वयन इकाई जल संसाधन विभाग गंजबासौदा विदिशा को सेमलखेड़ी तीर्थ लघु सिंचाई परियोजना अंतर्गत सेमलखेड़ी तीर्थ लघु सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु सार्वजानिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है। परियोजना प्रशासक सेमलखेड़ी परियोजना क्रियान्वयन इकाई संजय सागर परियोजना बाह नदी संभाग, गंजबासौदा, विदिशा द्वारा प्रमाणित किया गया है कि परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के पत्र 22(A)326/एमपीएस/31/1716 भोपाल दिनाँक 01.10.2018 के द्वारा प्रदाय की कई है। अतः अधिनियम की धारा 6(2) के परंतुक अनुसार सामाजिक समाघात निर्धारण के उपलब्ध लागू नही होगे। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 6 (2) के अनुसार ऐसी परियोजना जहां पर्यावरण समाघात निर्धारण प्रक्रिया तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन अपेक्षित है, वहाँ इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण से संबधित उपबंध लागू नही होगें। परियोजना के निर्माण से लगभग विदिशा जिले में 1240 हेक्टेयर, भूमि सिचिंत होना है एंव परियोजना के निर्माण से व्यापक लोकहित निहित है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुर्नर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 213 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार दस सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है।

1. परियोजना का नाम :– सेमलखेड़ी तीर्थ लघु सिंचाई परियेाजना
2. भूमि का विवरण :–
   1. जिला :– विदिशा
   2. तहसील :– सिरोंज
   3. ग्राम :– सेमलखेड़ी
   4. पटवारी हल्का नं :– 39
   5. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल :– 9.421 हेक्टेयर

:: अनुसूची- 1 ::

स.क्र.	भूमि स्वामी का नाम	स्वामित्व का प्रकार	खसरा नंबर	कुल रकबा	अर्जित रकबा	शेष रकबा।
1	2	3	4	5	6	7
1	प्रबंधक कंछेदी लाल पुत्र फूलचंद जैन पुत्र श्री निसई तारण तरन जैन मंदिर पता सेमलखेड़ी सिरोंज विदिशा मध्य प्रदेश। भूमि स्वामी	भूमि स्वामी	28	0.367	0.183	0.184
			29	0.126	0.126	0
			31	1.379	1.379	0
			33	0.759	0.759	0
			34	0.708	0.708	0
			35	0.885	0.700	0.185
			38	0.152	0.152	0
		योग		**4.376**	**4.007**	**0.369**
2	प्रबंधक कंछेदी लाल पुत्र फूलचंद जैन पुत्र श्री निसई तारण तरन जैन मंदिर पता सेमलखेड़ी सिरोंज विदिशा मध्य प्रदेश। भूमि स्वामी	भूमि स्वामी	59	1.897	1.897	0
			62	2.694	2.694	0
		योग		**4.591**	**4.591**	0
3	मोहम्मद कलीमउल्ला खाँ पुत्र मो समीउल्ला खां पता कीड़ी मोहल्ला सिरोंज विदिशा मध्यप्रदेश सम्पूर्ण भाग भूमि-स्वामी।	भूमि स्वामी	83	0.380	0.380	0
			84	0.190	0.190	0
			85	0.253	0.253	0
		योग		**0.823**	**0.823**	0
		महायोग		**9.790**	**9.421**	**0.369**

:: अनुसूची- 02 ::

स.क्र.	तहसील	ग्राम	निजी भूमि का लगभग क्षेत्रफल (हे.मे.)	शासकीय भूमि का लगभग (हे.में.)	धारा-11 की उपधारा (1) द्वारा प्रधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
1	2	3	4	5	6	7
1	सिरोंज	सेमलखेड़ी	9.421	------	अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी राजस्व सिरोज	सेमलखेड़ी तीर्थ परियोजना का निर्माण कार्य

